54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.8°c
अधिकतम 33.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:39, सूर्यास्त - 7:11 | वर्ष : 54/ अंक : 212 | रविवार, 02 अगस्त 2026 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

सरल बनिए स्मार्ट नहीं
हमें ईश्वर ने बनाया है किसी
कम्पनी ने नहीं।

भाजपा 'अवध एक्सप्रेस' से सत्ता में आई थी, 'अयोध्या एक्सप्रेस' से उसकी वापसी तय है : अखिलेश यादव



वापसी........यानी सत्ता में वापसी ?......

# शहर के साथ बाईपास पर बड़ी कांवड़ें देखने उमड़ेगी भीड़









## कांवड़ मार्ग के साथ शिवचौक और कांवड़ शिविरों में बढ़ रहा है जोश
## बड़ी डीजे कांवड़ों को इस बार शहर के बजाए बाईपास पर मोड़ने की तैयारी

**मुजफ्फरनगर,1 अगस्त (बु.)।** कांवड़ यात्रा के जैसै-जैसे शिवभक्तों की भीड़ बढ़ने के साथ जहां मुख्य मार्ग पर कांवड़ियों की श्रद्धा केसरिया रंग के साथ रंगी नजर आ रही है, वहीं इस बार बड़ी कांवड़ों का रुख बाइपास पर मोड़े जाने के बाद इन्हें देखने के लिए शहर से अधिक बाईपास पर लोगों का जमावड़ा नजर आएगा। आज कई बड़ी कांवड़ें शहर में पहुंची तो पीछे मार्ग पर एक से एक आकर्षक कांवड़ आने वाले दिनों में शहर में पहुंचने वाली हैं। इनमें बड़ी डीजे कांवड़ों को शहर में प्रवेश देने के बजाय बाईपास ने निकालने की योजना है। इस बीच आज पुलिस ने कच्ची सड़क पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए वहां से दुकानदारों को सामान सड़क से उठाकर अंदर रखने की चेतावनी दी। कांवड़ मेला धीरे-धीरे अपने आकर्षण की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते आज भी कई आकर्षक कांवड़ें शहर में पहुंची। इनमें स्पोर्ट्स कार वाली कांवड़ के साथ किन्नरों की कांवड़ शामिल है। मुजफ्फरनगर पहुंची मैक्लॉरेन स्पोर्ट्स कार थीम वाली कांवड़ आज आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसके साथ नाचते गाते भगवान शिव वाली विशेष कांवड़ लेकर चल रहे किन्नर भी लोगों का ध्यान खींचते रहे। अधिकांश शिवभक्त कलश वाली कांवड़ लिए नजर आ रहे हैं तो बड़ी संख्या में शिवभक्त परंपरागत सादी कांवड़ों को आकर्षक ढंग से सजाकर सधे कदमों ने शिवभक्ति की राह में आगे बढ़ रही है। शिवभक्तों के जय घोष से कांवड़ मार्ग के साथ शिवचौक और कांवड़ शिविर गूंजने लगे हैं। शहर में जहां कांवड़ों की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ने लगी है, वहीं पीछे हाईवे पर बड़ी संख्या में बड़ी और आकर्षक कांवड़ें मुजफ्फरनगर की ओर बढ़ रही हैं। ऐसे में नगर के लोग इन कांवड़ों को सोशल मीडिया पर देखकर उनके आने का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन ने इस बार भी रणनीति बनाई है कि बड़े आकार वाली डीजे कांवड़ों को शहर में प्रवेश देने बजाय उन्हें बाईपास से निकाला जाएगा। ऐसे में अगले सप्ताह जब यह कांवड़े बाईपास पर पहुंचेंगी तो शहर के साथ हाईवे पर भी उनके देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में पुलिस प्रशासन की कसरत बढ़ जाएगी। अभी भी काफी शिवभक्त कांवड़ पटरी मार्ग या बाइपास के रास्ते निकल रहे हैं। बाईपास पर शिविर नहीं हैं। ऐसे में पैदल कांवड़ियों की ज्यादातर भीड़ शहर के रास्ते ही निकल रही है। यहां शिवचौक की परिक्रमा कर यह शिवभक्त वहां से शामली, बुढ़ाना और पुरा महादेव के रास्ते पर कट जाते हैं। बाकी शिवभक्त मेरठ रोड से होते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। ऐसे में मार्ग पर बने कांवड़ सेवा शिविरों में भी बड़ी संख्या में शिवभक्त विश्राम के लिए रुक रहे हैं। अनके शिवभक्त सड़कों पर भी रुककर थकान दूर करते नजर आ रहे हैं। जैसे-जैसे कांवड़ मेला एक-एक दिन आगे बढ़ रहा है शिवभक्तों की संख्या और जोश भी बढ़ रहा है। अब शिवचौक पर हर-हर बम-बम का घोष कर आगे बढ़ने वाले शिवभक्तों द्वारा शिवमूर्ति की परिक्रमा का नजारा अद्भुत नजर आ रहा है।

## यूपी में महिलाओं-बुजुर्गों को 1500 रुपए पेंशनः 1.18 करोड़ लोगों को सीधा फायदा

**लखनऊ,1 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले योगी सरकार ने बड़ा सियासी दांव चला है। राज्य के 1.18 करोड़ से ज्यादा पेंशन लाभार्थियों को सरकार बड़ी राहत देने की तैयारी में है। इनमें वृद्ध, विधवा, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजनों को शामिल किया गया है। 4 अगस्त से शुरू हो रहे विधानमंडल के मानसून सत्र में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब ?20 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश करेंगे। इसमें इन पेंशन योजनाओं में ?500 हर महीने की बढ़ोतरी का प्रावधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 फरवरी, 2026 को विधानसभा में कहा था कि वृद्धजनों और निराश्रित महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन का अधिकार है। इसलिए उन्हें ?1500 हर महीने पेंशन मिलनी चाहिए। दो दिन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना इसकी घोषणा कर देंगे। लेकिन, सियासी कारणों से वित्त मंत्री ने बजट सत्र में इसकी घोषणा नहीं की थी। 15 जून, 2026 को मुख्यमंत्री ने जनता के नाम पत्र लिखा। ये मौका 'विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस' का था। इसमें उन्होंने 1500 पेंशन देने की घोषणा कर दी। समाज कल्याण विभाग के एक अधिकारी से बात की। वह बताते हैं- बजट का प्रावधान होने के बाद पेंशन की बढ़ी हुई राशि खातों में ट्रांसफर हो जाएगी। अनुपूरक बजट में बजट का प्रावधान किया जा सकता है। दिव्यांगजन विभाग के अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन पेंशन भी 500 बढ़ाई जा सकती है।

## शामली में कबड्डी खिलाड़ी की सिर में गोली मारकर हत्या : गन्ने के खेत में मिला शव

**शामली,1 अगस्त (एजेंसी)।** बागपत के रहने वाले 22 साल के कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उसके सिर में गोली मारी। वो सुबह मजदूरों को लेने के लिए बाइक से आया था। बाइक चकरोड पर पड़ी मिली। वहां से 10 मीटर दूर गन्ने के खेत में उसकी लाश मिली। मौके पर एक खोखा पड़ा मिला। खेत गए किसानों ने उसकी लाश देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। बुजुर्ग पिता बेटे की लाश देख बदहवाश हो गए। फिलहाल हत्यारों और हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वारदात कांधला थाना क्षेत्र के नाला जंगल गांव में शनिवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे की है। बागपत के ककड़ीपुर गांव के रहने वाले मोहना उर्फ मोनू पुत्र सुरेंद्र कबड्डी खिलाड़ी होने के साथ-साथ फसलों में दवाई स्प्रे करने का काम भी करता था। उसके पास अपना टैंकर था। जिससे वो आसपास के किसानों के खेतों में कीटनाशक दवाओं का स्प्रे करता था। पिता के अनुसार, मोनू शनिवार सुबह करीब 5:15 बजे अपने घर से नाला गांव में मजदूरों को लेने निकला था। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर उसकी तलाश कर रहे थे।



## पुलिस ने हटवाया कांवड़ मार्ग पर अतिक्रमण

**मुजफ्फरनगर,1 अगस्त (बु.)।** कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने के साथ आज पुलिस ने कच्ची सड़क और दूसरे इलाकों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। पुलिस कच्ची सड़क सरवट रोड से बझेडी अंडरपास तक कावड़ मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे सामान को हटवाती नजर आई। इसके साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई कि अपना सामान दुकान के अंदर रखें सड़क पर न फैलाएं। पुलिस को देखकर ज्यादातर दुकानदार स्वयं ही अपना सामान दुकानों के अंदर रखते नजर आए। पूरे कांवड़ मार्ग पर अब शिवभक्तों की कतार के साथ पुलिस भी मुस्तैद नजर आ रही है।

## सोशल मीडिया पर साढ़े पांच करोड़ की वायरल स्पोर्ट्स कार निकली 8 लाख रुपये की डमी कार

**मुजफ्फरनगर, 1 अगस्त (बु.)।** श्रावण मास में एक ओर त्याग, तपस्या और शरीर को पूरी तरह थका देने वाली कांवड़ यात्रा धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रही है। इस यात्रा को और चटपटा और ग्लैमर बनाने के लिए कुछ कांवड़ ऐसी भी चल रही हैं जो देखने वाले को रोमांच से भर देंगी और प्रत्येक व्यक्ति इन कांवड़ भाइयों के अनोखे अंदाज को देखने पर मजबूर हो जाता है। ऐसी ही एक कांवड़ को लगभग साढ़े पांच करोड़ की बताई जा रही है। यह कांवड़ रोमांच का विषय बनी हुई है। कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर में शनिवार को एक ऐसी अनोखी कांवड़ देखने को मिली, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस कांवड़ में करीब साढ़े 5 करोड़ रुपये कीमत वाली मैक्लॉरेन स्पोर्ट्स कार की डमी तैयार की गई थी, जिसमें भगवान



शिव शंकर विराजमान थे। जो भी श्रद्धालु इस कांवड़ को देख रहा था, वह कुछ पल के लिए ठहरकर इसकी भव्यता निहारने लगा। दिल्ली के नवादा गांव निवासी छह शिवभक्त 28 जुलाई को हरिद्वार की हर की पौड़ी से 40 लीटर गंगाजल लेकर इस विशेष कांवड़ यात्रा पर निकले। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को स्पोर्ट्स कार की डमी में विराजमान कर अनोखे अंदाज में अपनी आस्था व्यक्त की।

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें...

## कॉमर्शियल सिलेंडर 200 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली,1 अगस्त (एजेंसी)।** आज यानी, 1 अगस्त 2026 से कॉमर्शियल सिलेंडर औसतम 200 रुपए तक सस्ता हो गया है। वहीं तत्काल ट्रेन बुकिंग नियम और CKYC के नियम बदल गए हैं। इसके अलावा 3 से 5 अगस्त को होने वाली आरबीआई की मीटिंग



में नई ब्याज दरों पर फैसले लिया जाएगा जिसका आपकी ईएमआई पर असर पड़ सकता है। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर औसतन ?180 रुपए तक सस्ता कर दिया है। दिल्ली में इसकी कीमत 2930 हो गई है। पहले ये 3113.50 में मिल रहा था। इससे कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम घटने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च घटेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली सस्ते कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी सस्ती हो सकती है।

## बिंदल ग्रुप के चेयरमैन सुरेश बिंदल का निधन, तमाम संगठनों ने जताया शोक

**मुजफ्फरनगर,1 अगस्त (बु.)।** बिंदल ग्रुप के चेयरमैन सुरेश बिंदल का आज निधन हो गया। उनके निधन से उद्योग और व्यापार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। तमाम लोगों ने पचेंडा रोड स्थित बिंदल निवास पर पहुंच कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। शाम के समय नई मंडी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शहर के प्रतिष्ठित बिंदल ग्रुप को अपनी मेहनत से शीर्ष स्थान पर पहुंचाने वाले ग्रुप के चेयरमैन सुरेश बिंदल का आज सुबह निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही उद्योग और व्यापारा जगत के अलावा धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर शोक जताया। अपराह्न उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से नई मंडी श्मशान घाट की और रवाना हुई तो बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहां परंपरागत रीति के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र मयंक बिंदल ने दी। इस मौके पर अंकुर दुआ, संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन, संजीव बालियान (पूर्व केंद्रीय मंत्री), सतीश गोयल, भीम कंसल, गौरव स्वरूप, कपिल देव अग्रवाल (राज्यमंत्री), विकास स्वरूप (बब्बल), अनुभव कुमार एड. (सुप्रीम कोर्ट), संजय जैन, सुरेंद्र अग्रवाल, श्रवण कुमार गोयल, विनोद कुमार, संजय जैन, राजेश जैन, रघुराज गर्ग, नरेन्द्र गोयल, श्रवण गर्ग, संजय मित्तल, राहुल गोयल, पराग गोयल, अमित चौधरी, मनीष कपूर, राजीव जैन, नीलकमल पुरी, कुशपुरी, कादिर राणा, नूरसलीम राणा, पीयूष अग्रवाल, अरविंद भारद्वाज,अंकुर गर्ग, सुमित रोहल, सागर वत्स, डॉ. यश अग्रवाल, डॉ बैकुंठ अग्रवाल, अंकित संगल, अशोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, श्रीमोहन तायल, अभिनव मोंटू, विपुल भटनागर, प्रवीण खेड़ा और शलभ गुप्ता आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर अशोक कुमार बिंदल, राकेश बिंदल, अनिल बिंदल, मयंक बिंदल, अमित बिंदल, विकास बिंदल, सचिन बिंदल, अंकुर बिंदल, आयुष बिंदल सहित सम्पूर्ण बिंदल परिवार भी मौजूद रहा।









## किसान सम्मान निधि योजना 5 साल बढ़ाई गई : तेल-गैस खोज के लिए 84 हजार करोड़ रुपए मंजूर, कैबिनेट की बैठक में फैसला

**नई दिल्ली,1 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट और सीसीए की बैठक हुई। इसमें समुद्र मंथन, सूर्य सरोवर योजना, पीएम सम्मान निधि और खेलो इंडिया जैसी कई योजनाओं पर फैसले लिए गए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित किया। उन्होंने कहा- समुद्र मंथन नाम की एक बड़ी योजना को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद देश में तेल और गैस उत्पादन के लिए खोज करना है और इसके लिए 84,084 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। यह देश में तेल और गैस की बढ़ती मांग के लिए एक बड़ा गेम-चेंजर साबित होगा। उन्होंने कहा- केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को भी वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। इस अवधि के लिए सरकार ने 3.15 लाख करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। वैष्णव ने कहा- इन फैसलों में सबसे बड़ा फैसला प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना पर किया गया है। पीएम मोदी ने इस योजना के तहत वाटर बॉडीज की सतह का इस्तेमाल करके सोलर पावर जेनरेशन करने की मंजूरी दी है। भारत में वाटर बॉडीज का इस्तेमाल करके 102 गीगा वॉट यानी एक लाख मेगावॉट सोलर पावर जेनरेशन करने की क्षमता है। मंत्रिमंडल का एक अन्य महत्वपूर्ण फैसला देश में खेल संस्कृति और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से संबंधित है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि खेलो इंडिया योजना को विस्तार देते हुए अगले पांच वर्षों के लिए 29,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है।



## मोदी बोलेः पहले एयरपोर्ट के नाम एक परिवार पर थेः हमने परंपरा बदली; भारत दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बना

**अमरावती,1 अगस्त (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अमरावती में कहा- देश में पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे, लेकिन हमारी सरकार ने इस परंपरा को बदल दिया। हमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदासजी के नाम पर रखा। अमरावती के एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा है। पीएम ने यहां भोगपुरम एयरपोर्ट समेत 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद वह मैसूरु गए। यहां उन्होंने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र, 'विवेक स्मारक' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत का युवा जो पहले जंजीरों में था आज आगे बढ़ रहा है। युवाओं की वजह से भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है।

## जुलाई में 2.11 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन : ये पिछले साल के मुकाबले 15.4% ज्यादा

**नई दिल्ली,1 अगस्त (एजेंसी)।** जुलाई महीने में 2.11 लाख करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्शन हुआ। ये पिछले साल यानी जुलाई 2025 से 15.4% ज्यादा है। पिछले साल जुलाई 2025 में जीएसटी कलेक्शन 1.83 लाख करोड़ रुपए था। इस महीने में सेंट्रल




जीएसटी का कुल कलेक्शन 39,835 करोड़ रुपए रहा। वहीं स्टेट जीएसटी से 47,881 करोड़ रुपए और इंटीग्रेटेड जीएसटी से 1.23 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई हुई। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई 2026) के दौरान जीएसटी कलेक्शन 10.1% बढ़कर 8.4 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 7.6 लाख करोड़ रुपए था। इस दौरान जीएसटी कलेक्शन 9.2% बढ़कर 7.21 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल 6.61 लाख करोड़ रुपए था।

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU)
& Maa Shakumbhari University, Saharanpur, SCERT Prayagraj
& Approved by AICTE, NCTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Register Now! for session 2026-27
SUNDAY OPEN
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.)
BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004 / 06 / 07 / 08 / 14
9027670028 / 8077371392
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(CBZ)
B.COM B.Sc(Home Sc.) B.Sc(Microbiology)
B.A. B.Sc(PCM) with Computer Science
8937095005/13/15/17
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM : Pharmaceutics ▪ Pharmacology
Pharmacognosy ▪ Pharmaceutical Chemistry
B.PHARM
D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
REGISTER ONLINE @ www.sdgroupofcolleges.edu.in
Our Partners
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

# चरथावल में देशी शराब की दुकान में तोड़फोड़, सेल्समैन से मारपीट

## - 11 नामजद समेत 12 पर मुकदमा

**चरथावल, 01 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र में देशी शराब की दुकान पर तोड़फोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 11 नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। फिरोजपुर बांगर निवासी संजीव कुमार ने थाना चरथावल में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी देशी शराब एवं कंपोजिट शॉप पर 31 जुलाई की शाम करीब 4:30 बजे कई लोग जबरन दुकान और कैंटीन में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे, इन्वर्टर, एलईडी स्क्रीन, आबकारी विभाग की पीओएस मशीन, फ्रिज, जनरेटर सहित अन्य सामान में तोड़फोड़ की और शराब को भी नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर सेल्समैन के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। किसी तरह सेल्समैन मौके से भागकर अपनी जान बचा सके। पीड़ित ने आशू, अमित, राजबीर, हिमांशु कश्यप, कल्लू, विमल कश्यप, राजकरण, अशोक कुमार, शुशील समेत 11 नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही निकटवर्ती शराब दुकान संचालक पर भी मिलीभगत का संदेह जताया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे तोड़फोड़ के वीडियो की भी जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## शराब ठेके में तोड़फोड़ मामले में ग्राम प्रधान पति समेत 5 गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**चरथावल, 01 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव दहचंद में शराब के ठेके पर तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान पति समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में थाना चरथावल पुलिस ने की। चरथावल क्षेत्र के दहचंद गांव स्थित देशी शराब व कंपोजिट शॉप में कुछ लोगों ने जबरन घुसकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि उपद्रवियों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे,एलईडी स्क्रीन, इन्वर्टर, आबकारी विभाग की पीओएस मशीन तथा कैंटीन में रखी शराब को नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर सेल्समैनों के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर थाना चरथावल में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने शनिवार को गांव दहचंद से आशु, अमित, राजवीर, अशोक और सुशील को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सुशील ग्राम प्रधान का पति बताया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया, जबकि मामले में अन्य वैधानिक कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक परविंद्र कुमार, उपनिरीक्षक आयुष्मान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# बीएसएफ जवान के पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही फूटा जनाक्रोश

## - छह मांगों को लेकर परिजनों ने शव लेने से किया इंकार - मोरना - मुजफ्फरनगर मार्ग घंटों रहा जाम - हर आंख हुई नम, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

**भोपा, 01 अगस्त (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र के गांव भोपा में शनिवार की शाम उस समय पूरा माहौल गम, आक्रोश और भावनाओं के सैलाब में बदल गया, जब जम्मू-कश्मीर से सीमा सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर शिवदत्त प्रजापति का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। जैसे ही सेना के वाहन गांव में पहुंचे, हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। भारत माता की जय, वंदे मातरम और अमर रहे के नारों से पूरा गांव गूंज उठा, वहीं परिजनों का करुण विलाप देखकर हर आंख नम हो गई। हालांकि पार्थिव शरीर गांव पहुंचने के बाद माहौल उस समय और अधिक तनावपूर्ण हो गया, जब परिजनों ने जवान की मौत को लेकर सवाल उठाते हुए सरकारी वाहन से पार्थिव शरीर उतारने से इंकार कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने सरकार के समक्ष छः प्रमुख मांगें रखते हुए मोरना-मुजफ्फरनगर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। बताया गया कि दिवंगत शिवदत्त प्रजापति सीमा सुरक्षा बल की 175वीं बटालियन में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। उनकी ड्यूटी उत्तरी कश्मीर के बोनियार क्षेत्र में थी। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया था। शनिवार को जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए आसपास के दर्जनों गांवों से भी हजारों लोग पहुंच गए। गांव में ऐसा दृश्य था, जिसे देखकर हर व्यक्ति भावुक हो उठा। तिरंगे में लिपटे जवान के पार्थिव शरीर से लिपटकर परिजन बिलखते रहे। महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं और बच्चों तक की आंखें नम थीं। आसपास के गांवों से आए हजारों लोगों ने अंतिम दर्शन कर वीर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत माता की जय, वंदे मातरम और शिवदत्त प्रजापति अमर रहें के नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया। लोगों ने कहा कि गांव ने अपना वीर बेटा खो दिया है और उसकी शहादत व बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### बीएसएफ के अधिकारियों ने संभाला मोर्चा

**भोपा, 01 अगस्त (बु.)।** दिवंगत जवान के पार्थिव शरीर के साथ जम्मू-कश्मीर से बीएसएफ के इंस्पेक्टर अनुराग भी गांव पहुंचे। उनके साथ नोएडा यूनिट से आए 12 जवानों का विशेष दल भी मौजूद रहा।

दल में हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार सहित अन्य जवान शामिल थे। सभी जवान पूरे सैन्य अनुशासन और सम्मान के साथ पार्थिव शरीर को गांव तक लेकर पहुंचे तथा अंतिम संस्कार की तैयारियों में सहयोग करते रहे।







### परिजनों ने शव लेने से किया इंकार, पहले मांगे पूरी करने की रखी शर्त

**भोपा, 01 अगस्त (बु.)।** पार्थिव शरीर गांव पहुंचने के बाद परिजनों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार की ओर से ठोस और लिखित आश्वासन नहीं दिया जाएगा, तब तक वे शव नहीं लेंगे। उन्होंने सरकारी वाहन से पार्थिव शरीर तक नहीं उतरने दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी परिजनों के समर्थन में खड़े हो गए और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए जान गंवाने वाले जवान को उसका पूरा सम्मान मिलना चाहिए। उनका आरोप था कि जवान की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा।

# एक कमरे में 2 कक्षाएं, आंगन में बैठते हैं बच्चे

## – बीडीओ ने समस्या हल करवाने का किया वादा

**बुढ़ाना, 01 अगस्त (बु.)।** ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र में शिक्षा की बदहाली का एक मामला सामने आया है। जौला यूथ क्लब को ग्रामीणों से मिली शिकायतों के बाद शनिवार को क्लब की टीम ने प्राथमिक विद्यालय जौला नंबर-2 का औचक मुआयना किया। जांच में स्कूल में भारी अनियमितताएं व अव्यवस्थाएं मिली। विद्यालय कक्षा-1 से लेकर कक्षा-5 तक संचालित है। करीब 5 वर्ष पूर्व शासन द्वारा यहां के 2-3 जर्जर कमरों को तुड़वा दिया गया था, लेकिन आज तक उन्हें दोबारा नहीं बनवाया गया। कमरों की कमी के कारण स्कूल में पढ़ाई का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया है। मुआयने के दौरान पाया गया कि कमरा नंबर-1 में कक्षा-4 व 5 के बच्चों को एक साथ बैठाया गया है। कमरा नंबर 2 में कक्षा 2 चल रही है जबकि कक्षा 1 व कक्षा 3 के बच्चों को स्कूल के आंगन में बिठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। बारिश व धूप में बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों के लिए भी एक साथ कई कक्षाओं को संभालना मुश्किल हो रहा है। टीम ने पाया कि स्कूल के पीछे एक बड़ा तालाब है, जो चारों तरफ से पूरी तरह खुला हुआ है। वहां कोई बाउंड्री या सुरक्षा दीवार नहीं है। ग्रामीणों व यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि कभी भी कोई बच्चा हादसे का शिकार हो सकता है। इस बारे में जब बुढ़ाना बीडीओ सतीश कुमार से बात हुई, तो उन्होंने कहा कि इस मामले में हम पूरी कोशिश कर रहे हैं और आज ही बीईओ से बात कर समस्या का समाधान कराएंगे। मुआयने के दौरान जौला यूथ क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट गुलरेज राणा, बाबा ठाठ सिंह कच्छवाह चौबीसी, महासचिव जीशान अहमद, समरयाब राणा, राशिद राणा, इरफान अली, शाहिद राणा, मुस्तकीम राणा, वसीम राणा, नाजिम राणा, आशु राणा और शहजाद राणा आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। यूथ क्लब ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत नए कमरों का निर्माण कराए और तालाब के चारों ओर सुरक्षा दीवार बनवाएं, ताकि बच्चों की जान को खतरा ना रहे।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण -पत्र संख्या- 5660, दिनांक- 20/05/2019 में गलती से माता का नाम सविता देवी अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम सविता देवी उर्फ सविता है। भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सुंदीप (SUNDEEP)**
ग्राम -बराल, पोस्ट- किशनपुर बराल
जिला-बागपत, मो. 7895790347

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र भवेन्द्र पाल उर्फ मोनू व उसकी पत्नी अन्नू मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र भवेन्द्र पाल उर्फ मोनू व उसकी पत्नी अन्नू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब से भवेन्द्र पाल उर्फ मोनू व उसकी पत्नी अन्नू के किसी लेन-देन, व्यवहार आदि की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सोमपाल पुत्र कालू**
ग्राम-नसीरपुर, परगना-बघरा
मुजफ्फरनगर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या- 6508, दिनांक- 27/07/2017 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र के जन्म प्रमाण- पत्र में माता का नाम नेहा दीक्षित दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि वास्तविक नाम नेहा है। माता को भविष्य में भी इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**वीरेश कुमार**
892/21, केडिया वाटिका
साऊथ भोपा रोड, नई मण्डी
मुजफ्फरनगर, मो. 8218357337

**NAME CHANGE**

I, Aradhana Anand w/o Gautam Anand, resident of 436, Allons City, Near RDGMC, Surasa, Ujjain, Madhya Pradesh-456006 at present living ,B 12 Faculty block , Muzaffarnagar Medical College , Begrajpur , Muzaffarnagar ,Uttar Pradesh Pin No 2512003 , have changed my name from Aradhana Anand to Aradhana Kumari. Henceforth, I would be known by the name of Aradhana Kumari for all future purposes.

## मित्रता के रंगों से सराबोर रहा नीव इंटरनेशनल एवं लिटिल मैनर स्कूल का फ्रेंडशिप-डे समारोह






**मुजफ्फरनगर, 01 अगस्त (बुस.)।** नीव इंटरनेशनल स्कूल एवं लिटिल मैनर स्कूल में फ्रेंडशिप-डे बड़े ही उत्साह, उल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी अंकुर गोयल के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने बच्चों को मित्रता का सम्मान करने, सभी के प्रति सद्भाव रखने तथा भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम और सहयोग की भावना अपनाने का संदेश दिया। फ्रेंडशिप-डे के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने अपने हाथों से आकर्षक फ्रेंडशिप बैंड एवं रंग-बिरंगे ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए और उन्हें अपने प्रिय मित्रों को भेंट कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के लिए इस दिन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चों के लिए अनेक मनोरंजक खेल, टीम-बिल्डिंग गतिविधियाँ, समूह प्रतियोगिताएँ तथा सहभागिता आधारित गेम्स आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण लंच शेयरिंग रहा, जिसमें बच्चों ने अपने-अपने टिफिन एक-दूसरे के साथ साझा किए। सुबह से ही विद्यालय के शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी का मुस्कुराकर स्वागत किया तथा उन्हें स्नेहपूर्वक गले लगाकर मित्रवत व्यवहार का अनुभव कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाएँ श्वेता मेहरा, खुशी गोयल, राधिका अरोड़ा, तान्या अरोड़ा, सिमरन कौर, ईशा भार्गव, रचना धीमान, सोनिया यादव सहित समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर वैष्णवी मित्तल, सान्वी मालपानी, युग गोयल, विराज कपूर, आयुध गर्ग, कबीर कपूर, सेहर कौर, कृथविक, रुद्र भारद्वाज, अथर्व भारद्वाज, आश्वी गोयल, अथर्व संगल, अर्श भारद्वाज, अलिश्बा सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शिम्पी कपूर, रोहित गर्ग एवं शिल्पी बक्शी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## जी.डी. गोयनका स्कूल में मनाया गया शिव अनुग्रह उत्सव






**मुजफ्फरनगर, 01 अगस्त (बुस)।** जीडी. गोयनका पब्लिक स्कूल में आज प्री-प्राइमरी विंग के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा शिव अनुग्रह उत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना था। उत्सव के अंतर्गत बच्चों ने रंग-बिरंगी कांवड़ यात्रा में भाग लिया और पूरे उत्साह एवं भक्ति भाव से भगवान शिव को जल अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भगवान शिव की प्रेरणादायक कथाएँ सुनाई गईं, जिससे उन्हें भारतीय धार्मिक परंपराओं एवं जीवन मूल्यों की सुंदर सीख मिली। कार्यक्रम में बच्चों ने पवित्र श्लोकों का पाठ, मधुर भजन गायन तथा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने उपस्थित सभी को भाव-विभोर कर दिया। बच्चों की मासूम भक्ति, उत्साह और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को विशेष रूप से यादगार बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान का केंद्र नहीं है, बल्कि वह स्थान है जहाँ बच्चों के व्यक्तित्व, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का विकास होता है। शिव अनुग्रह उत्सव जैसे आयोजन बच्चों को हमारी समृद्ध भारतीय विरासत से जोड़ते हैं और उनमें श्रद्धा, अनुशासन, सहयोग तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे नन्हें गोयनकंस सीखने के साथ-साथ अपनी संस्कृति को भी हृदय से अपनाते हैं। यह उत्सव संस्कृति, आध्यात्मिकता, सीखने और आनंद का अद्भुत संगम रहा, जिसने बच्चों को भारतीय परंपराओं से सार्थक रूप से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एसडी इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 01 अगस्त (बुस)।** रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के एनएसएस क्लब द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए नशा मुक्ति एवं नशा मुक्त समाज से संबंधित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर बनाकर नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर वक्ताओं द्वारा नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि नशा समाज के विकास में एक गंभीर बाधा है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का उपयोग शिक्षा, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को उनकी उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं योगदान के लिए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भाजपा के श्री गुरु रविदास कलश वंदन अभियान का भव्य शुभारंभ

### समरसता का संदेश लेकर जिलेभर के मंदिरों तक पहुंचेंगे पावन कलश





**मुजफ्फरनगर,1 अगस्त (बु.)।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की पावन स्मृति को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से शनिवार को गुप्ता रिसोर्ट से श्री गुरु रविदास कलश वंदन अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पवन अरोरा ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार और जय गुरु रविदास के उद्घोष के बीच पावन कलशों का पूजन कर उन्हें जिले के रविदास मंदिरों एवं ग्राम स्तर तक रवाना किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने समाज को समानता, भाईचारे, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कलश वंदन अभियान का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में समरसता, एकता और सद्भाव को मजबूत करना भी है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज के आदर्श समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक उमेश मलिक, नितिन मलिक, सुभाष चंद शर्मा, ब्रजेश कौशिक, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष सचिन त्यागी, कलश यात्रा संयोजक डॉ. श्वेता कौशिक, सह-संयोजक अजय सागर, आंचल तोमर, अंजलि चौधरी, रविकांत, दिनेश पुंडीर, लवी विकल, विशाल गर्ग, गौरव स्वरूप, हिमांशु सैनी, पंकज माहेश्वरी, रजत त्यागी, पुरोहित उंटवाल, अमित सुधा, राज सिंह, सुन्दर लाल, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर, प्रवीण खेड़ा, अमित शास्त्री, अनुज खैरवाल, बंटी बरला आदि मौजूद रहे। सभी ने संत गुरु रविदास महाराज के चरणों में पुष्प अर्पित कर समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। जयघोषों और भक्ति गीतों के बीच रवाना हुए पावन कलशों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह अभियान अब जिले के विभिन्न रविदास मंदिरों और गांवों तक पहुंचेगा, जहां श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ कलशों का स्वागत करेंगे।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक : मु0चि0अ0/आयु0यो0/वॉक–इन–इंटरव्यू/2026–27/581 दिनांक : 01.08.2026

–: विज्ञप्ति :–

प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या– 2212/पांच–6–2018 चिकित्सा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 27.07.2018 एवं जिलाधिकारी महोदय/जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन दिनांक 28.07.2026 के अनुपालन में आयुष्मान भारत–नेशनल हैल्थ प्रोटेक्शन मिशन (ए0बी0–एन0एच0पी0एम) के अन्तर्गत के क्रम में जनपद स्तर पर जनपद स्तर पर सृजित पद District Information System Manager (संविदा) हेतु प्राप्त दिशा–निर्देशों के क्रम में संविदा के आधार पर वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से नियुक्ति की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत् है।

| S.N | Programm Name | Designation | Facility | Qualification | Scope of Work | Honorarium per Month |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | AB-NHPM | District Information System Manager | CMO Office Muzaffarnagar | *B. Tech in Computer Sc./IT/Math & Computing / Data Science / MCA<br>*Minimum of 5 years experience in implementing and managing information systems<br>**Desirable:**<br>*Experience in Insurance Industry IT System maintenance would be an advantage<br>*Familiarity with insurance enrollment and claims IT systems shall be an added advantage. | Agencies (Insurer/ISA) with use of the information system<br>*Ensuring uptime of hardware & software, availability of data, integrity & Security of data.<br>*Understand the software functional requirements for the smooth functioning of the scheme<br>*Overall supervising and managing IT tasks for implementation of the scheme<br>*Maintaining high standards of Quality of process documentation and Implementation<br>*Participate in the meetings convened with senior officers of the state<br>*Oversees troubleshooting, system backups, archiving and disaster recovery and provides expert support when necessary<br>*Work with the teams across functions and other stakeholders to ensure smooth flow of data to Dashboard on a periodic basis.<br>*Ensuring data security and implementation of access protocols for data as defined by senior management.<br>**Required Skills :-**<br>*Strong analytical skills<br>*Excellent interpersonal and communication skills<br>*Excellent command of the English language<br>*Experience of working in the IT department of a large organization | 40,000-00 |

आवेदन हेतु निर्देश :–

1. उपरोक्त विज्ञापित पद पर आवेदन फॉर्म **दिनांक 03–08–2026 से दिनांक 23–08–2026 तक** पंजीकृत डाक के माध्यम से या विभागीय डाक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर, पता–रुड़की रोड, 251001 पर जमा करा सकते हैं। **दिनांक 23–08–2026** के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ आवेदन फॉर्म, नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित स्वप्रमाणित शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, उ0प्र0 में रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ, ई–मेल आई0डी0, व्हाट्सअप मोबाइल नम्बर तथा पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित अवश्य अंकित करें।
2. प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग (छटनी) के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान हेतु अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराई गयी ई–मेल आई0डी0/मोबाइल नम्बर के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
3. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूची मुजफ्फरनगर एन0आई0सी0 के वेबसाइट http://muzaffarnagar.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी।
4. यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
5. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
6. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
7. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
8. कोई भी प्रतिकूल प्रविष्टि/तथ्य पाए जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त करने का अधिकार जिला स्वास्थ्य समिति में निहित होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुजफ्फरनगर।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

